स्वदेशी सर्च इंजन ‘भारत सर्च’

चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी, कानपुर की इन्क्युबेटेड कंपनी **भारत टेक** ने अत्याधुनिक **स्वदेशी सर्च इंजन ‘भारत सर्च’** का विकास किया है।

प्रमुख बिंदु

- जिस प्रकार **गूगल स्पाइडर अल्गोरिदम से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद विषय वस्तु को अपने प्लेटफॉर्म पर लाता है** उसी प्रकार **भारत सर्च ने रेट अल्गोरिदम तैयार किया है।**
- **सर्च इंजन एक प्रोग्राम है** जो एक डेटाबेस में उपयोगकर्त्ता द्वारा निर्दिष्ट की वर्ड या वर्णों से मेल खाते हुए विषय की खोज करता है और उन्हें पहचानता है। इसका उपयोग विशेष रूप से वर्ल्ड वाइड वेब पर विशेष साइटों को खोजने के लिये किया जाता है।
- सर्च इंजन वेब क्रॉलिंग, इंडेक्सिंग तथा सर्चिंग आदेश से संचालित होता है।
- इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा विश्व का मानचित्र देखने के लिये बी-मैप्स, ई-मेल भेजने के लिये बी-मेल, ऑनलाइन मीटिंग एवं डाटा शेयरिंग के लिये यूनियन तथा पढ़ाई के लिये बी-बुक एप्लीकेशन तैयार किये गये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indigenous-search-engine-bharat-search